हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

शुक्रवार, 20 नवम्बर, 2026/29, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 3

रोजगार

1862 **श्री दीप राज (करसोग) :**
श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़) :

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश की वर्तमान बेरोज़गारी दर कितनी है; गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2026 तक सरकार द्वारा कितनी सरकारी नौकरियां प्रदान की गईं; विभागवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में विभागवार कितने पद सृजित, भरे एवं रिक्त रहे; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा;

(ग) प्रदेश में रोज़गार सृजन हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, नीतियों एवं प्रस्तावित उपायों का ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार द्वारा बेरोज़गार युवाओं को अपने व्यवसाय हेतु हाइवे के साथ सरकारी भूमि लीज पर देने का कोई प्रस्ताव/नीति है; यदि हां, तो पात्रता, भूमि की उपलब्धता, लीज अवधि, शुल्क एवं लागू करने की समय-सीमा सहित ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो

कारण?

विज्ञापन

1864 श्री दीप राज (करसोग):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष से दिनांक 01.08.2026 तक सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; मीडिया ग्रुप, संस्थाएं अथवा अन्य माध्यम पर दिए गए विज्ञापनों एवं संस्थानों का नाम सहित ब्यौरा दें?

जलरक्षक

1892 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जल शक्ति विभाग में कार्यरत जलरक्षकों की 8 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर उन्हें अनुबंध पर लाने संबंधी अधिसूचना जारी नहीं की गई है; यदि हां, तो कारण;

(ख) सरकार इस अधिसूचना को कब तक जारी करने का विचार रखती है; क्या इसकी कोई निश्चित समय-सीमा तय की गई है; और

(ग) क्या यह भी सत्य है कि इन जलरक्षकों को मिलने वाला मानदेय प्रतिमाह नियमित रूप से नहीं दिया जा रहा है; यदि हां, तो भुगतान में देरी के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

16 नवम्बर, 2026. **सचिव**